समाचार

महाराणा प्रताप नगर में 110 लाख रू. के नये विकास कार्य हुए प्रारंभ

(महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने किया कार्यो हेतु भूमिपूजन एवं शिलान्यास)

कोरबा 26 सितम्बर 2013 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 18 महाराणा प्रताप नगर में आज 01 करोड 10 लाख रूपये की लागत वाले नये विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने वहां पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन सभी विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

निगम द्वारा अनवरत रूप से जारी विकास कार्यो के संपादन की अगली कड़ी में वार्ड क्र. 18 पंचमुखी हनुमान मंदिर से अंकुर स्कूल तक 37 लाख 70 हजार रूपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य, महाराणा प्रताप एल.आई.जी. एवं विस्तार कालोनी में 10 लाख 15 हजार रूपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण का कार्य, इसी वार्ड के महाराणा प्रताप नगर ई.डब्ल्यू.एस. एवं मुख्य सड़क में 30 लाख 70 हजार रूपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण व डामरीकरण कार्य, एम.पी.नगर ई.डब्ल्यू.एस. एवं अटल आवास के सामने 13 लाख 80 हजार रूपये की लागत से नाली का निर्माण तथा वार्ड क्र. 18 के ही महाराणा प्रताप नगर एल.आई.जी. कलस्टर में 17 लाख 30 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली व कलवर्ट का निर्माण किया जाना है। महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने आज इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होने दिये गये अपने उदबोधन में कहा कि निश्चित रूप से महाराणा प्रताप नगर के इस क्षेत्र में पानी निकासी एवं सीवरेज सिस्टम की बहुत बड़ी समस्या है, घरों के सामने पानी का भराव होता है, तीन माह पूर्व यहां के भ्रमण के दौरान इन समस्याओं के संबंध में नागरिकों द्वारा अवगत कराया गया था, जिनके निराकरण के लिए आज यह कार्य प्रारंभ किये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि मेरा प्रमुख लक्ष्य है कि निगम क्षेत्र की प्रमुख सड़कें एवं संपर्क सड़कें पूरी तरह व्यवस्थित हो तथा इन सड़कों पर आवागमन के संबंध में किसी प्रकार की समस्या न हो, उन्होने कहा कि बहुत हद तक इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है तथा संपूर्ण निगम क्षेत्र में निगम द्वारा सड़कों का चौड़ीकरण, डामरीकरण एवं मरम्मत व सुधार आदि के कार्य तेजी से किये जा रहे है। महापौर श्री लाम्बा ने आगे कहा कि पंचमुखी हनुमान मंदिर से मुड़ापार मुख्य मार्ग तक जाने वाली सड़क अत्यंत व्यस्ततम सड़क है, जिसका जीर्णोद्वार अत्यंत आवश्यक हो गया था, प्रदेश के गृहमंत्री श्री ननकीराम कंवर जी द्वारा विगत दिनों इस सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया है, जिसका कार्य शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगा।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुशील गर्ग, एल्डरमेन मो. अख्तर, पूर्व पार्षद धनकुमारी गर्ग, वरिष्ठ नागरिक के.एल. सोलंकी, आर.पी. सिंह, इंजी. अशोक सिंह, नरेन्द्र सिंह, धरमपाल सिंह, सुरेश पाहुजा, रंजन प्रसाद, हरिशंकर सोनी, जी.एन. झिलकर, मौरिस झिलकर, संजू अरोरा, संजय पाठक, निगम के सहायक अभियंता के.पी. दहायत, समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे, आदि के साथ योजना के हितग्राही तथा भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)